दिन–गुरूवार दिनांक– 11 / 12 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय–डी.जी.सी.ए. ने गुरुग्राम स्थित इंडिगो के कॉर्पोरेट कार्यालय में आठ सदस्यीय एक विशेष निगरानी दल का गठन किया है। डीजीसीए ने एक आदेश में कहा है कि इस दल का नेतृत्व उप मुख्य उड़ान संचालन निरीक्षक कैप्टन विक्रम शर्मा कर रहे हैं। यह दल विमान की क्षमता, चालक दल की उपलब्धता, उपयोग के घंटे, अनियोजित अवकाश और स्टैंडबाय चालक दल सहित प्रमुख परिचालन क्षेत्रों की निगरानी करेगा। इसके अलावा, डी.जी.सी.ए. अधिकारी यशवीर सिंह और मणिभूषण प्रतिदिन रद्द होने वाली उड़ानों, धन वापसी की प्रक्रिया, समय पर उड़ान, यात्रियों के मुआवजे और लगेज वितरण की निगरानी करेंगे। इस बीच, दिल्ली उच्च न्यायालय ने विमानन कंपनी इंडिगो को यात्रियों को बिना देर किये हर्जाना देने का निर्देश दिया है। न्यायालय ने केंद्र सरकार से यात्रियों की मदद के लिए हवाई अड्डों पर किये गए इंतजामों की जानकारी भी मांगी है।

———————————————————

पटना स्थित जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा के निदेशक चंद्र प्रताप द्विवेद्वी ने कहा है कि इंडिगो उड़ान संकट के पंद्रह दिसम्बर तक सामान्य होने की सम्भावना है। उन्होंने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए टर्मिनल मैनेजर कार्यालय में एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। साथ ही सभी उड़ानों से संबंधित अपडेट सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर दी जा रही है। उन्होंने कहा कि यात्री किसी भी जानकारी के लिए टर्मिनल मैनेजर ड्यूटी हेल्पलाइन नम्बर– **नौ चार सात एक शून्य शून्य शून्य सात एक चार** पर संपर्क कर सकते हैं। इधर, कल पटना और दरभंगा एयरपोर्ट से इंडिगो की सोलह उड़ानें रद्द रहीं। कम्पनी के अनुसार पटना एयरपोर्ट से आज भी चौदह उड़ानें रद्द रहेंगी।

———————————————————

केन्द्र सरकार ने सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे एक वीडियो का खंडन किया है जिसमें दावा किया गया है कि नई श्रम संहिता के तहत कारखाना मालिक श्रमिकों को बारह घंटे काम करने के लिए मजबूर करेंगे और उन्हें केवल आठ घंटे का वेतन दिया जायेगा। वीडियो में यह भी दावा किया गया है कि अब कारखाने श्रमिकों के

विश्राम समय का निर्धारण भी स्वयं करेंगे। पीआईबी की तथ्य जांच इकाई ने बताया कि ये दोनों दावे झूठे हैं। इकाई ने आगे कहा कि नई श्रम संहिता के तहत श्रमिकों को ओवरटाइम काम के लिए दुगुना वेतन दिया जाना चाहिए और ओवरटाइम के लिए श्रमिक की सहमति अनिवार्य है। पीआईबी ने यह भी स्पष्ट किया कि कारखाना श्रमिकों के विश्राम समय और कार्य अवधि निर्धारित करने का अधिकार संबंधित सरकार के पास है, न कि कारखाना मालिकों के पास।

———————————————————————

पटना के जानीपुर थाना क्षेत्र में आज सुबह पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ हो गयी। वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि रंगदारी मांगने के आरोपी राकेश कुमार ने पुलिस को देखते ही गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में अपराधी को गोली लगी है, जिसका एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि मौके से एक देसी पिस्तौल, कारतूस और एक मोटरसाईकिल बरामद की गयी है।

———————————————————————

शिक्षक पात्रता परीक्षा के अभ्यर्थियों ने आज पटना में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। अभ्यर्थी पुनरीक्षित उत्तर कुंजी जारी करने की मांग कर रहे थे। इधर, पारा मेडिकल एसोसिएशन के बैनर तले छात्रों ने आज पटना स्थित बिहार तकनीकी सेवा आयोग कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया।

———————————————————————

अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट आने से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में ठंड में बढ़ोतरी हुई है। न्यूनतम तापमान आठ दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस से तेरह दशमलव सात डिग्री सेल्सियस के बीच रिकॉर्ड किया गया। किशनगंज सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान आठ दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले दो से तीन दिनों के दौरान तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की सम्भावना नहीं है। सुबह के समय कुछ स्थानों पर हल्के से मध्यम स्तर का कुहासा छाया रहेगा।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। अब आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।